# बदले जाएंगे बिजली के पुराने व कम लोड वाले तार

## ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्री बजट बैठक में पेश किया रोड मैप, रिपोर्ट तैयार करने के दिए निर्देश

- गुरुग्राम में बस अड्डे का निर्माण रहेगा प्राथमिकता
- बदली जाएंगी एनसीआर से वापस आई पुरानी बसें
- प्रत्येक जिले में बनेगा ड्राइविंग स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि प्रदेश भर में बिजली आपूर्ति करने वाली पुरानी तारों तथा कम लोड वाली तारों को बदला जाएगा। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मंगलवार को चंडीगढ़ में प्री बजट बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि अब लगातार लोगों के घरों में लोड बढ़ रहा है जबकि पुरानी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है और जहां भी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है, उन तारों को बदला जाएगा।


प्री बजट बैठक के बाद प्रेस वार्ता के दौरान ऊजा मंत्री अनिल विज।

इसी प्रकार से राज्य में जितने भी पुराने ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं उनको बदलने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं क्योंकि कम पावर के ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होते हैं और इससे बिजली बाधित होती है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

विज ने बताया कि उन्हें प्री-बजट बैठक में यमुनानगर में शुरू होने जा रहे 800 मैगावाट थर्मल प्लांट योजना को मुद्दा उठाया है। इस परियोजनाओं के लिए फंड हमेशा उपलब्ध रहने चाहिए ताकि परियोजना लगातार चलती रहे।

परिवहन विभाग के संबंध में विज ने बताया कि एनसीआर से वापस मंगवाई गई बसें काफी पुरानी हो चुकी हैं और ऐसी पुरानी बसों को बदला जाएगा। इसी तरह से कई स्थानों पर बस अड्डों की हालत ठीक नहीं है, उन्हें भी ठीक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से गुरुग्राम का बस स्टैंड एक मैदान की तरह है और वहां से बसें चलाई जा रही हैं, वहां पर केवल शेड लगे हुए हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित करने के लिए उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों विशेषकर युवाओं को वाहन चलाने के सभी नियम और तकनीक समझ में आ सके। इससे एक जागरूक और नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों द्वारा सड? दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम लगाने के भी निर्देश अधिकारियों को उनके द्वारा दिए गए हैं ताकि वाहनों की साफ सफाई जल्द सुगम तरीके से हो सके। राज्य के प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस का भी प्रावधान स्थापित करने का निर्देश अधिकारियों को परिवहन मंत्री द्वारा दिया गया है जिस पर जल्द ही कार्य आरंभ किया जाएगा।

### पीएचसी में बनेंगे अस्पताल

**अनिल विज ने बताया कि ईएसआई विभाग में खाली पीएचसी बनी हुई है और पीएचसी से मजदूरों को फायदा नहीं हो रहा है केवल वह रेफर करते है। इसलिए उनके द्वारा सुझाव दिया गया है कि हर जिले में मजदूरों की संख्या के अनुसार उतने बेड का हमें अस्पताल बनाना चाहिए ताकि मजदूरों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसी प्रकार, श्रम मंत्री ने बताया कि हर जिले में श्रमिकों के लिए एयरकंडीशन अस्पताल स्थापित करने का सुझाव भी उनके द्वारा अधिकारियों को दिया गया है ताकि श्रमिकों को भी बेहतर सुविधाए भी दी जा सके।**

## सात विश्वविद्यालयों को मिलेंगे नए कुलपति

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सात विश्वविद्यालयों में नए कुलपति लगाए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने आवेदन मांग लिए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है। नायब सरकार के सत्ता में आने के बाद यह पहला अवसर है जब विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति होने जा रही हैं। प्रदेश में राज्यपाल पद के अनुसार सभी विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति होते हैं।

उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से मंगलवार को इस संबंध में आवेदन का प्रारूप जारी किया गया। प्रदेश की सात यूनिवर्सिटी में नये कुलपति (वीसी) नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विज्ञापन जारी करके आवेदन आमंत्रित किए हैं। सिरसा स्थित चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी, खानपुर कलां (सोनीपत) स्थित महिला भगत फूल सिंह विवि, रेवाड़ी के मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी, जींद की चौ. रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, (राई) सोनीपत की डॉ. भीमराव अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी तथा कैथल की महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी में नये वीसी लगाए जाएंगे।



### विधानसभा का बजट सत्र

## हरियाणा-पंजाब व यूटी पुलिस संभालेगी सुरक्षा का जिम्मा

- विधानसभा स्पीकर ने बुलाई अधिकारियों की संयुक्त बैठक
- यूटी प्रशासन तैनात करेगा डयूटी मजिस्ट्रेट
- हथियार व मोबाइल के बगैर आएगा विधायकों का स्टाफ

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा के सात मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के मद्देनजर विस स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने मंगलवार को सुरक्षा के संबंध में हरियाणा, पंजाब व यूटी चंडीगढ़ के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई।

बैठक में तय हुआ कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्र अवधि के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। किसी भी मामले में कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ पुलिस भी मौके पर मौजूद रहेगी।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधानसभा परिसर और उसके आसपास वन्य जीवों से बचाव के लिए भी प्रबंध करने चाहिए। पिछले दिनों यहां हुए मधुमक्खियों द्वारा किए गए हमले का उदाहरण भी उन्होंने दिया। सुरक्षा बैठक में सभी मंत्रियों, विधायक, अधिकारी और प्रेस प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे विधान भवन में मोबाइल फोन न लाएं। यदि यह लाना बहुत आवश्यक हो तो उसे स्वागतकर्ता के पास जमा करवा दें या साइलेंट मोड पर रखें।

विधानसभा परिसर के बाहर किसी भी प्रकार के रोष प्रदर्शन की अनुमति नहीं रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए पहले से पूरी तैयारी रखें। बैठक में तय हुआ है कि सत्र के दौरान किसी भी आम या खास को हथियार के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए विधान सभा सचिवालय की ओर से विधायकों को एक पत्र भी लिखा जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विधान सभा सत्र की कार्यवाही देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के दल के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। बैठक में हरियाणा की गृह सचिव गृह सचिव गीता भारती, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, एडीजीपी (सीआईडी) सौरभ सिंह, आईजीपी (सुरक्षा) पंकज नैन, यूटी, चंडीगढ़ के एसएसपी सुरक्षा सुमेर प्रताप सिंह, चंडीगढ़ एसपी गीतांजलि खंडेलवाल, यूटी चंडीगढ़ के एसडीएम (सी) नवीन, सीआईएसएफ सहायक कमांडेंट मधु रावत, हरियाणा विधान सभा के सचिव डॉ. सतीश कुमार, पंजाब विधानसभा के सचिव राम लोक खटाना समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा कांग्रेस को फिर सशक्त बना सकते हैं रणदीप सुरजेवाला: बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य, कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को यदि हाईकमान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करती है तो ये सभी नेताओं को साथ लेकर चलने का काम कर सकते हैं। रणदीप सुरजेवाला अपनी मृदुल भाषा से सभी को साथ लगाने का भली भांति काम कर सकते हैं। उनकी आम कार्यकर्ता तक पूरी पकड़ हैं और वे 36 बिरादरियों के हरमन प्रिय नेता है। वे हर बिरादरी को साथ लेकर चलते है। वे एक बेदाग, बेपाक और निडर नेता होने के कारण भाजपा सरकार को अच्छी तरह से बेनकाब करने का काम कर सकते हैं।

# एनसीआर क्षेत्र में डिज्नीलैंड को उपयुक्त जगह उपलब्ध कराएं: शर्मा

- कैबिनेट मंत्री ने सीएम के सक्षम रखी बजट की डिमांड, गोहाना को जिला व पश्चिम बाईपास निर्माण पर भी जोर
- विभागों को कम्प्यूटरीकृत करने व प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

प्रदेश के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया है कि आगामी बजट में एनसीआर क्षेत्र में डिज्नीलैंड को उपयुक्त जगह देने पर विचार किया जाए, ताकि हरियाणा को पर्यटन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर लेकर जाया जा सके। इससे न केवल प्रदेश की पहचान को नई ऊंचाईयां मिलेंगी, अपितु बड़े स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे।

मंगलवार को प्रदेश के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री दो दिवसीय पूर्व बजट परामर्श बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष आधा दर्जन विषयों पर अपने सुझाव रख रहे थे। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार छह साल से समावेशी बजट बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सुझाव लेकर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है, इसका हरियाणा के हर वर्ग को लाभ हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी हरियाणा अपने एनसीआर जिलों में स्थापित करने जा रहा है। इसी कड़ी में डिज्नीलैंड को एनसीआर क्षेत्र में उपयुक्त जगह उपलब्ध करवाए जाने से हरियाणा के पर्यटन को न केवल बड़ी पहचान मिलेगी, अपितु युवाओं के लिए अपार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक व अत्याधुनिक निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि 15 साल तक सड़क खराब न हो। इसके लिए ठेकेदार एजेंसी को सभी जरूरी हिदायत दी जाएं, तभी विश्व स्तरीय ढांचागत विकास सुनिश्चित होगा।


बैठक में मौजूद कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, नरबीर सिंह, विपुल गोयल व अन्य।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान में हरियाणा एक बेहतरीन उदाहरण के तौर पर अन्य राज्यों के लिए मिसाल बना है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया कि वो प्रदेश के सभी विभागों, निगमों व कारपोरेशनों का कम्प्यूटरीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त फंड का प्रावधान आगामी बजट में करें। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जनता की पुरानी मांग को पूरा करते हुए गोहाना को जिला बनाया जाए, ताकि एनसीआर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं का लाभ इस क्षेत्र को मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया कि उन्होंने निरन्तर दो दिन तक जनप्रतिनिधियों के बीच मे रहकर विस्तार से उनके सुझाव लिए व जनहित में उन सुझावों पर विचार करने का भरोसा दिया।

# सर्वसम्मति से बने 2 पार्षदों को दिए प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर आम चुनाव 2025 के तहत थानेसर के वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 32 में 2 पार्षदों को सर्वसम्मति से चुना गया है। इन दोनों पार्षदों को रिटर्निंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने नियमानुसार प्रमाण पत्र सौंपा है।

थानेसर नगर परिषद के रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने मंगलवार को नए लघु सचिवालय डीएमसी कार्यालय में वार्ड 7 से सर्वसम्मति से चुनी पार्षद निशा रानी व वार्ड 32 से सर्व सम्मति से बने सुधीर कुमार चुघ को प्रमाण पत्र दिया है। इसके अलावा रिटर्निंग अधिकारी ने नियमानुसार तमाम औपचारिकताओं को भी पूरा करवाया है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्वसम्मति से बने पार्षद निशा रानी व सुधीर कुमार चुघ को बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर समाजसेवी टोनी मदान आदि उपस्थित थे।


पार्षद निशा रानी को प्रमाण पत्र देते जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच।

# शास्त्रीय गायन, वायलिन की धुनों से श्रोता मंत्रमुग्ध



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

त्रिवेणी कला संगम में प्राचीन कला केन्द्र की तिमाही बैठकों की श्रृंखला लेजेंड्स ऑफ टूमॉरो के तहत 27वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव सजल कौसर भी मौजूद थे। कार्यक्रम में कलकत्ता के संदीप भट्टाचार्य (गायन) एवं दिल्ली के युवा वायलिन वादक अजहर शकील (वायलिन वादक) ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों को मोहित कर दिया। इनके साथ तबले पर उस्ताद बाबर लतीफ ने बखूबी संगत की। कार्यक्रम के दूसरे भाग में संदीप भट्टाचार्य ने राग पूरिया कल्याण से शुरुआत की। इनके साथ तबले पर पं. मिथिलेश झा तथा हारमोनियम पर सुमित मिश्रा ने बखूबी संगत की। कार्यक्रम के अंत में सजल कौसर ने अन्य वरिष्ठ कलाकारों के साथ के कलाकारों को सम्मानित किया।

# बघौला पुलिस चौकी के समीप कंपनी में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

बघौला पुलिस चौकी के समीप मंगलवार शाम अचानक शार्ट सर्किट से एआरएस कम्पनी के स्क्रैप में आग लग गई। इससे आग वहां रखे कैमिकल ड्रम में फैल गई। आग को देख कम्पनी में काम कर रहे कर्मचारी वहां से भाग निकले। फायरब्रिगेड की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस आग में कम्पनी को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है, हालांकि अभी आग से हुए नुकसान का सही ब्यौरा नहीं मिल सका है।

मंगलवार शाम कम्पनी में करीब 50 कर्मचारी काम कर रहे थे। इनमें महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल थी। कम्पनी में एक ठेकेदार के माध्यम से कुछ कर्मचारी गली टीन को बदलने का काम कर रहे थे। इसी बीच कम्पनी में पीछे के हिस्से में पडे स्क्रैप में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया।


बघौला पुलिस चौकी के समीप कंपनी में लगी आग से उठता धुआं।

आग से सिलेंडर फटने की आवाज आ रही थी, इससे वहां लोगों की जुटी भीड दूर से ही आग का नजारा देखती रही। आसमान में धूंआ ही धूंआ हो गया। अचानक लगी आग को देख कम्पनी में काम कर रहे कर्मचारी भी वहां से भाग खडे हुए। धूंए से घिरी कम्पनी को देख बघौला पुलिस चौकी इंचार्ज हरद्वारी लाल भी अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा के लिहाज से जनौली रोड से ट्रैफिक आवाजाही रोक दी। जिला उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने आग की सूचना मिलते ही तुरंत प्रशासन को अलर्ट कर दिया। फायरब्रिगेड की दो गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। उधर, आसामान में धूंआ देख बघौला समेत आसपास गांवों से लोग वहां पहुंच गए, लेकिन पुलिस ने किसी को आग से घिरी कम्पनी की ओर नहीं जाने दिया। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। कम्पनी के प्लांट हेड अनुभव शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले हुई बारिश से पैनल में शार्ट सर्किट हुआ है।

### आसपास की कम्पनी के लोगों में मचा हड़कंप

**एआरएस कम्पनी में आग लगने से इससे सटी दूसरी कम्पनी के कर्मचारी भी घबरा गए। इस आग को देख वे तुरंत कम्पनी से बाहर निकल गए। पुलिस ने भी सुरक्षा के लिहाज से सभी को बाहर निकाल दिया।**

# ‘बर्फ़’ व ‘एक मुलाकात मंटो से’ का होगा मंचन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



एडफिक्स प्रोडक्शन द्वारा दो दिवसीय नेशनल थियेटर फेस्टिवल में रंगमंच के अविस्मरणीय उत्सव के रूप में बंगाल और दिल्ली के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को एक साथ लाया जाएगा। इस महोत्सव में अभिनेता निर्देशक सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देशित ‘बर्फ’ और अश्वथ भट्ट द्वारा निर्देशित एक मुलाकात मंटो से का मंचन शामिल हैं।

अश्विन गिडवानी द्वारा निर्मित ‘बर्फ’ में सौरभ शुक्ला, सुनील पलवल, आंचल चौहान ने दमदार अभिनय किया है। क्रिएटिव प्रोड्यूसर मनीष वर्मा और अश्वथ भट्ट के शानदार अभिनय से सजा ‘एक मुलाकात मंटो से’ भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान की एक दिल को छू लेने वाली भावनात्मक गाथा है। पिछले 23 वर्षों से सक्रिय रंगमंचकर्मी अभ्रा दासगुप्ता के नेतृत्व में एडफिक्स प्रोडक्शन द्वारा क्यूरेट किया गया नेशनल थियेटर फेस्टिवल 2025, दिगी, सत्य, विश्वास और हमारे समय की सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल के विषयों पर गहराई से चर्चा करता है।


**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that **I, ANUPAM SHARMA S/O N.L.SHARMA R/O-FLAT NO.B-24, GHARONDA CGHS LTD., GHARONDA APPTS, SHRESTHA VIHAR,DELHI-92,I am the legal owner of FLAT NO. B-24, GHARONDA CGHS LTD.,GHARONDA APPTS, SHRESTHA VIHAR, DELHI-92,**which is allotted by the DDA.Original Share Certificate of the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No:2637834/2025 ,Dated-04-03-2025.Any person(s)claim ing any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/ contact with above named person at above address/phone No.9810679650 with in 15 day s from the date of publication of this notice. Any person claiming any right,interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**जैगसन इंटरनेशनल लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय: तीसरी मंजिल, वंदना बिल्डिंग, 11 टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली 110001.
CIN: U52110DL1988PLC032914

**सूचना**

कंपनी को स्वर्गीय श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता के इक्विटी शेयरों को श्री प्रदीप गुप्ता को हस्तांतरित करने के लिए हलफनामा, क्षतिपूर्ति, आवेदन पत्र प्राप्त हो गया है। यदि किसी को इस आवेदन पर कोई आपत्ति है, तो वह अगले 15 दिनों के भीतर कंपनी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

दिनांक: 04.03.2025 कृते जैगसन
स्थान: दिल्ली इंटरनेशनल लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

Re : Half portion of Land area measuring 96.5 sq. yds referred to as the “said portion” out of area measuring 6 marlas i:e 193 sq. yds, falling in Khasra No. 34//22, situated at Ucha Gaon, in Arya Nagar, Tehsil Ballabhgarh, Distt. Faridabad, Haryana. [As per Property Tax Notice cum Bill issued by Municipal Corporation of Faridabad-15, Arya Nagar Extension-1, Milk Plant Road 121004 with Property ID-1 BP84h53] referred to as the “said property”.

Notice is hereby given to the general public including Banks, Financial Institutions, etc., that as informed by our clientess Ms. Mamta Devi (hereinafter called the “Owner”), she is the sole owner of said portion of the said property vide sale deed registered as Document No. 856, in Book No.1, Vol No. 1/23, Pages 11/39-40, on 26.04.2010 executed by Sh. Manoj Kumar Sharma, Smt. Monica Sharma and Smt. Priyanka Sharma. In this connection, she has informed us that the said portion including the said property initially owned by Smt. Rajni, vide Sale Deed dated 10.05.1991 in her favour. After the demise of Smt. Rajni on 01.02.2010 and subsequently her husband Mr. Suresh also died, the said property devolved on his legal heirs viz., Sh. Manoj Kumar Sharma, Smt. Monica Sharma and Smt. Priyanka Sharma and thus they became joint owners of the said property. Now our clients intend to mortgage the said portion of the said property with IDFC First Bank Limited for availing loan facility. We have been further informed by our clients that the said portion of the said property is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said portion of the said property.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the aforesaid portion of the said property is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the owner to the said portion of the said property shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client/owner, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF,Defence Colony,**
**New Delhi -110024**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, Rama Dogra, W/o Sh. Lalit Dogra, R/o H No. 210, Street No. 6, Sanjay Colony, Safiabad Road, Narela, Delhi – 110040, have entered into an Agreement to Sell & Purchase for the sale of the entire property bearing No. 22/105, situated at West Patel Nagar, Delhi – 110008, measuring 100 Sq. Yards, to 1. Smt. Neelam Sharma, 2. Sh. Ajesh Kumar Sharma, 3. Sh. Akshat Sharma and 4. Sh. Mukund Sharma. I have been authorized to do so by virtue of the registered “FAMILY WILL” dated 14.09.2022, registered in the office of the Sub Registrar-I, Central Distt., Delhi, vide Reg. No. 5723, Book No. 3, Vol. No. 1,938 pages 155 to 160, executed by my Aunt Late Smt. Vishwa Kumari, W/o Late Sh. Mahant Das Sharma R/o 22/105, West Patel Nagar, Delhi-110008.

Any person having any rights, titles, claims, or interests in the said property, by way of sale, inheritance, possession, succession, mortgage, lien, lease, gift, or otherwise, howsoever, in respect of the same, shall intimate their objection in writing to the undersigned with supporting documents within 15 days from the date of publication of this notice. Otherwise, any such claims shall not be considered and shall be deemed to have been waived and/or abandoned. I shall proceed to conclude the negotiations, and no claims shall be entertained thereafter.

**PUBLIC NOTICE**

Reg. Property No. B-195, land area measuring 40 sq. yds with roof/ terrace rights upto sky, Part of Khasra No. 39/4, situated in the area of Village Burari, abasi known as B Block Gali No. 4A, Amrit Vihar, Burari Delhi-110084 (Hereinafter referred to as the “Said Property”).

Be it known to all that our clients, Smt. Lalita and Sh. Aniket (hereinafter called the “Purchaser”) intend to purchase the said property from Smt. Rebati Devi(hereinafter called the “seller”). In this connection, the seller has informed the purchaser that she is the sole and absolute owner in respect of the said property vide Relinquishment deed dated 30.01.2025, Document No. 2025/19/I/1322 in Book No. I, Volume No. 11788, pages 105-118(SRO-I Kashmere Gate) executed by Sh. Lal Singh. Sh. Kamal Singh and Sh. Deepak Singh Nayalin her favour. The seller has further informed that Sh. Mehar Singh owned the said property vide POA documents viz., GPA, ATS and Will dated 06.08.1996executed by Sh. Parkash and after his demise the ownership devolved on Sh. Deepak Singh Nayal (Son), Sh. Kamal Singh (Son), Sh. Lal Singh (Son) and Smt. Rebati Devi (Wife). Thus, the seller is the sole and absolute owner of the said property. The Seller has also informed the purchaser that the said property is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said property.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said portion is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the attorney-holder in respect of the said portion shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi -110024**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश लाल मेसर्स आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से क्षेत्रफल 127 वर्ग गज, न्यू कॉलोनी, तहसील और जिला गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित छत अधिकार के साथ चौथी मंजिल, क्षेत्रफल 750 वर्ग गज, मकान नंबर 34-एल का हिस्सा, (संपत्ति आईडी संख्या 119C194U75), के लिए ऋण मांग रहे हैं, जिसे आगे “उक्त संपत्ति” के रुप में संदर्भित किया जाएगा। श्री जगदीश लाल ने हमें यह बताया है कि उक्त संपत्ति के खिलाफ कोई मामला लंबित नहीं है। श्री जगदीश लाल SRO गुरुग्राम में पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 1192 दिनांक 08.06.2021 के माध्यम से मालिक बन गए हैं।

अब, मैं आम जनता के लिए यह धोषणा करना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त दस्तावेजों पर कानूनी वारिस, बंधक, उपहार, पट्टा, अधिकार, ग्रहणाधिकार या अन्य किसी प्रकार से कोई दावा है या उपरोक्त दस्तावेजों पर कोई आपत्ति है तो वह सात दिनों के भीतर दस्तावेजी वैध साक्ष्य के साथ हमारे दिल्ली कार्यालय में आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा, उसे दावा रहित और अप्रतिबंधित माना जाएगा और तदनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

मैसर्स पास एंड एसोसिएट्स, एलएलपी
बी-132, एल.जी.एफ, मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017, मो. 9991116006

**पब्लिक नोटिस**

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्री चंद सचदेवा और श्री हरप्रीत सिंह मारवाह, सेकंड फ्लोर विदाउट रूफ राइट्स, प्लाट नंबर 25, क्षेत्र 210 वर्ग गज, खसरा नंबर 23/4, गांव हस्तसाल, भीम एन्कलेव, विकास नगर, नई दिल्ली-110059 के मालिक हैं। श्री चंद सचदेवा और श्री हरप्रीत सिंह मारवाह ने श्री खजान सिंह से 23.06. 2012 की दिनांकित नोटराइज्ड जीपीए, एटीएस और वसीयत के माध्यम से संपत्ति खरीदी। अब श्री चंद सचदेवा और श्री हरप्रीत सिंह मारवाह उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते हैं। और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय श्री चंद सचदेवा और श्री हरप्रीत सिंह मारवाह के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न.160,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई देल्ही-75
मोबाइल : 9899013918

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री नितिन कोहली मेसर्स बैंक ऑफ इंडिया लिमिटेड से ऋण लेना चाहते हैं और ब्लॉक ईए, छत अधिकार के साथ द्वितीय तल, माया एन्क्लेव, श्रेणी-2, जी-8, राजौरी गार्डन, हरि नगर, नई दिल्ली में स्थित डीडीए फ्लैट नंबर 30 को खरीदना चाहते हैं, जिसे आगे "उक्त संपत्ति" के रुप में संदर्भित किया जाएगा। श्री नितिन कोहली ने हमें यह बताया है कि पिछली मालकिन श्रीमती सीमा मेहता के पक्ष में उपहार विलेख के माध्यम से श्री बी आर शर्मा द्वारा निष्पादित उपहार विलेख संख्या 23984 दिनांक 28.09.2018 के माध्यम से मालिक थीं। जबकि, श्री बी आर शर्मा हस्तांतरण विलेख संख्या 5292 दिनांक 20.03.2012 के माध्यम से मालिक थे।

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त दस्तावेजों पर कानूनी वारिस, बंधक, उपहार, पट्टा, अधिकार, ग्रहणाधिकार या अन्य किसी प्रकार से कोई दावा है या उपरोक्त दस्तावेजों पर कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतर नीचे दिल्ली कार्यालय के पते पर लिखित रुप में हस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराएगा, इन उपरोक्त दस्तावेजों को ऐसे दावों के लिए शून्य और अमान्य घोषित किया जाना चाहिए और यदि कोई हो तो छोड़ दिया जाएगा और ऐसा न करने पर, यह उपरोक्त मालिकों के साथ बिक्री लेनदेन को पूरा करने के लिए आगे बढ़ेगा जैसे कि उक्त संपत्ति में कोई तीसरे पक्ष का दावा/आपत्ति/विवाद नहीं है और उसके बाद कोई दावा/आपत्ति/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

मैसर्स पास एंड एसोसिएट्स, एलएलपी
बी-132, एल.जी.एफ, मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017, मो. 9991119392

**PUBLIC NOTICE**

Known to all that my client - **M/s Red-Real Estate Developer Through its Partner Sh. Prince Gupta** owner of the Property address:- built-up Property Bearing No. 82,area 70 Sq. Yds., Out Of Total Area Measuring 150 Sq. Yds. Khasra No. 38/15,Village Hastsal,colony Vikas Nagar Extn., In Block-B, Uttam Nagar, New Delhi-110059;and M/s Red-real Estate Developer Through Its Partner Sh. Prince Gupta purchased aforesaid property from Smt. Geeta Rani Vide GPA, ATS, and WILL dated 22.01.2014 and it is informed that any deal with said documents by any person except my said client and said institution regarding said property, shall be deemed as null and void. If any person having any claim, right in said property then he may contact and handover the same and apprise his claim to undersigned within 15 days of this publication.

**Basukee Nath Jha (Advocate)**
Plot No 714, A/A, A Block Inder Enclave
Ph-2, Kirari Suleman Nagar, ND-86

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 3134/निविदा/2024-25 दिनांक: 03.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, वृत्त-ऊधमसिंह नगर/हल्द्वानी के अन्तर्गत पाईप लाईन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से टेण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक **19.03.2025** के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक **05.03.2025** से दिनांक **18.03.2025** की सांय 5.00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 अतिरिक्त डाक व्यय देना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूद्रपुर नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत एन०एच०-87 में सिंचाई विभाग के पास वेंडिंग जोन में पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य। | 2000+360.00 =2360.00 | 43000.00 | 45 दिन | 'डी'/ उच्चतर | डिपोजिट वर्क |
| 2 | वि०ख० गदरपुर की खेमपुर पे०यो० के अन्तर्गत बलखेड़ा स्थित ओ०एच०टी० की रंगाई-पुताई का कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5900.00 | 30 दिन | 'डी'/ उच्चतर | जिला योजना |

शर्तें :-
1. विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे।
2. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
3. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
4. निविदा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

